दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 15/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बक्सर जिले में आर्सेनिक प्रभावित दियारा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति समेत लगभग तीन सौ करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

02. राज्य में स्वच्छता सर्वे दो हजार चौबीस का आखिरी चरण आज से हो रहा है शुरू। केन्द्रीय टीम विभिन्न नगर निकायों का करेगी निरीक्षण।

03. सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू। पटना जोन से लगभग दो लाख परीक्षार्थी हो रहे हैं शामिल।

04. और, मौसम विभाग प्रदेश के किसानों की सुविधा के लिए बक्सर, नालंदा, गया, समेत राज्य के इक्कीस जिलों में एग्रो ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम लगायेगा।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बक्सर जिले में लगभग तीन सौ करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे।

———बाईट———

बक्सर जिले में प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दो सौ करोड रुपये की लागत से बने वाटर ट्रीटमेंट प्लाट का उद्घाटन करेंगे और सौ करोड की लागत से बनने वाली विभिन्न योजनाओं की आधार शिला रखेंगे। डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री की यात्रा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। मुख्यमंत्री के चालीस से अधिक योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। वहीं, आर्सेनिक प्रभावित दियारे में पेयजल आपूर्ति और पर्यटन की योजनाए जनता को समर्पित करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए बक्सर से शशांक शेखर।

———————————————————

राज्य में विकास और कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित निर्माण कार्य शुरू करने के पहले उससे संबंधित अस्सी प्रतिशत भू–अर्जन की कार्रवाई पूरी करनी होगी। साथ ही अर्जित जमीन पर वैध दखल कब्जा भी सुनिश्चित करना होगा। राज्य सरकार ने इस संबंध में दिशा–निर्देश जारी किये हैं। विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत ने इस संबंध में सभी विभागाध्यक्षों को पत्र भी भेजा है।

———————————————————

राज्य में स्वच्छता सर्वे दो हजार चौबीस का आखिरी चरण आज से शुरू हो रहा है। इस दौरान केंद्रीय टीम प्रतियोगिता में शामिल विभिन्न निकायों में भ्रमण करेगी।

टीम के सदस्य शहर में कचरा संग्रहण, पृथक्करण और प्रसंस्करण के साथ जन शिकायतों के समाधान की स्थिति भी देखेंगे। इसके अलावा स्थानीय नागरिकों से भी फीडबैक लिया जायेगा। इस बार यह सर्वे ट्रिपल आर, रिसाइकिल, रियूज, रिड्यूस थीम पर आधारित है। इन मानकों के आधार पर ही निकायों की ग्रेडिंग की जायेगी। टीम सार्वजनिक शौचालय, सीवरेज योजनाओं का निरीक्षण करेगी। गंगा नदी किनारे स्थित शहरों को प्रत्यक्ष अवलोकन के आधार पर अलग से अंक दिए जाएंगे।

————————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड – सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं। इस परीक्षा में देश और विदेश में बयालीस लाख से अधिक विद्यार्थियों के शामिल होने की उम्मीद है। इसके लिये सात हज़ार आठ सौ बयालीस केंद्र बनाये गये हैं। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

इधर, परीक्षा में पटना जोन से लगभग दो लाख परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा के लिए राज्यभर में दो सौ से अधिक केन्द्र बनाये गये हैं।

————————————————————

आईआईटी पटना का ग्यारहवां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जा रहा है। केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री जयंत चौधरी दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। आईआईटी पटना के निदेशक प्रोफेसर टी.एन. सिंह ने बताया कि समारोह में कुल सात सौ तेरह विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जायेगी। इनमें एक सौ बत्तीस छात्राएं हैं।

————————————————————

बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय ने राज्य के छह फार्मेसी और चार नर्सिंग कॉलेजों पर पटना के जक्कनपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। रजिस्ट्रार विमलेश कुमार झा ने बताया कि इन संस्थानों ने स्वास्थ्य विभाग का फर्जी अनापत्ति प्रमाणपत्र और मान्यता का आदेश पत्र विश्वविद्यालय में जमा किया था। रजिस्ट्रार ने कहा कि इन संस्थानों ने सम्बद्धता के लिए विश्वविद्यालय में आवेदन किया था। जांच के बाद इनके दस्तावेज फर्जी पाये गये है।

————————————————————

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नए आयकर विधेयक की जांच के लिए इकतीस सदस्यों की प्रवर समिति का गठन किया है। समिति के सभापति भारतीय जनता पार्टी के सांसद बैजयंत पांडा होंगे। समिति अगले सत्र के पहले दिन अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत

करेगी। आयकर विधेयक–दो हजार पच्चीस हाल ही में लोकसभा में पेश किया गया था। इसका उद्देश्य आयकर से संबंधित कानून को मजबूत करना और उसमें सुधार लाना है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने विधेयक पेश करते हुए लोकसभा अध्यक्ष से विधेयक के प्रारूप को प्रवर समिति को भेजने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा था कि नए कानून में वर्तमान आयकर अधिनियम की तुलना में कम खण्ड और अध्याय होंगे। इस कानून को सरल बनाया गया है ताकि सामान्य लोग इसे समझ सके।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तेईस फरवरी को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ उन्नीसवीं कड़ी होगी। लोग कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य – एक एक – सात आठ शून्य शून्य के माध्यम से भेज सकते हैं।

————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कृष्णा अलावरू को बिहार कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। श्री अलावरू मोहन प्रकाश का स्थान लेंगे।

————————————————————

मौसम विज्ञान केंद्र पटना प्रदेश के किसानों की सुविधा के लिए बक्सर, नालंदा, गया, अरवल, जहानाबाद और सारण समेत राज्य के इक्कीस जिलों में एग्रो ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम लगायेगा। यह सिस्टम राज्य के चौवालीस कृषि विज्ञान केंद्रों और कृषि कॉलेजों में लगाया जाएगा। इससे किसान जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत रह सकेंगे। इस प्रणाली से किसानों को हर आधे घंटे पर हवा की गति, दिशा, धूप, छांव, बारिश, ठंड और ठनका की जानकारी मिलेगी। सिस्टम में लगे सेंसर मिट्टी की नमी, तापमान और स्वास्थ्य की जानकारी भी देंगे। किसानों को यह जानकारी मौसम विज्ञान केंद्र की वेबसाइट और मेघदूत ऐप के माध्यम से मिल सकेगी।

————————————————————

प्रदेश के मौसम में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार आज से पछुआ हवा का प्रभाव कम होने के साथ ही न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की सम्भावना है। हालांकि सुबह और शाम के समय हल्की ठंड का एहसास बना रहेगा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों में न्यूनतम तापमान में क्रमिक बढ़ोतरी होगी।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सीतामढ़ी का पुपरी लगातार दूसरे दिन राज्य का सबसे ठंडा स्थान बना रहा।

————————————————————————————

और अब खबरें महाकुंभ से

———म्यूजिक———

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ मेले में लगभग पन्द्रह हजार सफाई कर्मचारी आज एक साथ सबसे बड़े सफाई अभियान में भाग लेकर विश्व रिकॉर्ड बनायेंगे। इससे पहले कल महाकुम्भ में दो शानदार विश्व रिकॉर्ड बने। पहले रिकॉर्ड में महाकुम्भ विश्व का सबसे बड़ा पर्व बन गया। जिसमें पचास करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। वहीं, नदी सफाई का सबसे बड़ा अभियान चला कर दूसरा विश्व रिकॉर्ड भी बना। एक रिपोर्ट।

———रिपोर्ट———

————————————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे प्रयागराज महाकुम्भ मेला के लिए अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन करेगा। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि वलसाड–दानापुर कुंभ स्पेशल तेईस फरवरी को वलसाड से सुबह आठ बजकर चालीस मिनट पर खुलकर अगले दिन सुबह दस बजकर पच्चीस मिनट पर प्रयागराज छिवकी होते हुए शाम छह बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन दानापुर–वलसाड स्पेशल चौबीस फरवरी को दानापुर से रात साढ़े ग्यारह बजे चलकर अगले दिन सुबह पांच बजकर पचास मिनट पर प्रयागराज पहुंचेगी।

————————————————————————————

अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ और बोधगया मैराथन समिति के संयुक्त तत्वावधान में कल बोधगया मैराथन का आयोजन किया जायेगा। इस मैराथन में मंगोलिया के राजदूत गणबोल्ड दंब जाव मुख्य अतिथि होंगे।

————————————————————————————

साइबर अपराधियों ने मुनाफे का झांसा देकर पटना जिले के छह लोगों से पन्द्रह लाख बत्तीस हजार रूपये ठग लिए। इस संबंध में पीड़ितों ने साइबर थाने में मामला दर्ज कराया है।

————————————————————————————

पटना जिले के दनियावां थाना क्षेत्र की पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक किलो आठ सौ पचास ग्राम चरस के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद चरस का अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य लगभग दो करोड़ रूपये बताया जाता है।

———————————————————————

बक्सर जिले के कृष्णा ब्रह्म थाना क्षेत्र में एक डम्पर की चपेट में आने से कार सवार दो लोगों की मौत हो गयी। वहीं, तीन अन्य लोग घायल हो गये। ये सभी कुम्भ स्नान कर किशनगंज लौट रहे थे।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिकी दौरे को प्रमुखता दी है। अखबार लिखता है– भारत अमेरिका के बीच कई अहम करार। पाक को भी कड़ा संदेश।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है। अखबर ने मुख्यमंत्री के बयान के हवाले से लिखा है– अच्छे से कराये स्टेडियम का निर्माण, ताकि मेडल ला सके बच्चे।

दैनिक भास्कर दिल्ली में नई सरकार के गठन पर लिखता है– उन्नीस या बीस फरवरी को शपथ ले सकती है भाजपा सरकार।

प्रभात खबर ने राज्य में चल रहे भूमि सर्वे की खबर को प्रमुखता दी है। अखबार का शीर्षक है– भूमि सर्वे की स्व–घोषणा के लिए मार्च तक मौका।

आज अखबार की सुर्खी है– महाकुम्भ में बना महा रिकॉर्ड, श्रद्धालुओं की संख्या पचास करोड़ के पार।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बक्सर जिले में आर्सेनिक प्रभावित दियारा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति समेत लगभग तीन सौ करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

02. राज्य में स्वच्छता सर्वे दो हजार चौबीस का आखिरी चरण आज से हो रहा है शुरू। केन्द्रीय टीम विभिन्न नगर निकायों का करेगी निरीक्षण।

03. सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू। पटना जोन से लगभग दो लाख परीक्षार्थी हो रहे हैं शामिल।

04. और, मौसम विभाग प्रदेश के किसानों की सुविधा के लिए बक्सर, नालंदा, गया, समेत राज्य के इक्कीस जिलों में एग्रो ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम लगायेगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।